Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open 'Rani Ki Vav', a world heritage site at Patan, Gujarat at night also for tourists -laid.

श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी (**पाटण**): मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण में सोलंकी युग में निर्मित रानी की वाव विश्व विरासत स्मारक, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के अंतर्गत संरक्षित स्मारक है एवम सरकार ने रानी की वाव १०० रुपये के नोट पर अंकित कर के विश्व को इस की पहचान करवाई हैं. इस स्मारक को देखने के लिए हर रोज देश-विदेश से सैकड़ों पर्यटक और मुलाकाती आते है। यह वाव पर्यटकों के लिए सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक खुली रहती है। अगर स्मारक पर रात्रि के समय रोशनी की जाये और वाव को रात्रि में पर्यटको के लिए खुला रखा जाए तो मुलाकातियों की संख्या में काफी बढोतरी होने से पर्यटन स्थल की ख्याति के साथ स्थानीय लोगो को रोजी रोटी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। भारत में कई स्मारकों को देर रात्रि तक पर्यटकों के लिए खुला रखा जाता है। यह सुविधा रानी की वाव के लिये उपलब्ध होना आवश्यक हैं।

माननीय संस्कृति मंत्री जी से मेरा आग्रहपूर्ण अनुरोध है कि इस प्रस्ताव के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण को निर्देश देने का कष्ट करें।